**प्रेस नोट - दिनांक 24.07.2026**
**थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव।**

## 49,100/- रूपये आवेदकों के खाते में रिफण्ड कराये गये

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा 49,100/- रूपये आवेदकों के खाते में रिफण्ड कराये गये।**

### संक्षिप्त विवरण-

### प्रकरण 01

दिनांक 07.07.2026 को आवेदकगण 01.पिन्टू पुत्र नवल किशोर नि0 करोवन थाना कोतवाली सदर उन्नाव 2.अंकित साहू पुत्र अशोक साहू निवासी ललऊखेडा थाना कोतवाली सदर उन्नाव द्वारा मनी रिस्टोरेशन मोड्यूल के माध्यम से अपनी होल्ड की गयी 8200 /- रूपये व 20,000/ रूपये की धनराशि को रिफण्ड कराये जाने के सम्बन्ध मे आनलाइन आवेदन किया गया था जिस पर थाना कोतवाली सदर साइबर टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये आवेदकों के खाते में 8200/- रूपये व 20,000/ रूपये रिफण्ड कराये गयी।

### प्रकरण 02

दिनांक 26.05.2026 को आवेदिका जूली पत्नी नफीस निवासी कुद्दूखेडा थाना कोतवाली सदर के अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पे के माध्यम से साइबर फ्राड करने के संबंध में साइबर हेल्पडेस्क थाना कोतवाली उन्नाव पर ऑफलाइन प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर थाना कोतवाली सदर साइबर टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये आवेदिका के खाते में 20,900/- रूपये की धनराशि रिफण्ड करायी गयी।

**कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री  चन्द्रकान्त मिश्र
2.अप0निरी0 श्री राजेश यादव
3.म0का0 सोनिया शर्मा
4. रि0आ0 ऐलिस श्रीवास






**प्रेस नोट - दिनांक 24.07.2026**

**थाना दही, जनपद उन्नाव।**

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना दही पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** आज दिनांक 24.07.2026 को प्रभारी निरीक्षक श्री ज्ञानेन्द्र सिंह, उ0नि0 श्री पंकज कुमार सोनकर मय हमराह पुलिस बल द्वारा दिनांक 15.07.2026 को थाना दही पर पंजीकृत मु0अ0स0 186/26 धारा 64(1)/74/115(2)/352/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त फिरोज उर्फ छोटू पुत्र साबिर अली उम्र करीब 29 वर्ष निवासी सिन्धूपुर थाना दही जनपद उन्नाव को HP गैस प्लांट चौराहा झझरी के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**अभियुक्त का नाम व पता-**

फिरोज उर्फ छोटू पुत्र साबिर अली उम्र करीब 29 वर्ष निवासी सिन्धूपुर थाना दही जनपद उन्नाव

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

01.प्र0नि0 श्री ज्ञानेन्द्र सिंह

02.उ0नि0 श्री पंकज कुमार सोनकर

03.का0 सचिन कुमार

04.रि0का0 अजय कुमार

